केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय क्र०-2,
एन. एच. पी. सी., बनबसा
KENDRIYA VIDYALAYA No.2,
NHPC, BANBASA

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

विद्यालय पत्रिका 2018-19

VIDYALAYA PATRIKA 2018-19

Phone No. : 05943-263059

Website: - www.no2banbasa.kvs.ac.in

E-mail : - kvnhpc2@yahoo.com, kvnhpc2@gmail.com

VIDYALAYA PATRIKA 2018-19

EDITORIAL BOARD

Chief Patron
Shri Vinod Kumar
Deputy Commissioner I/C
KVS Dehradun Region

Patron
Mrs. Ranjana Barfal
Principal
KV No.2, NHPC, Banbasa

Chief Editor

Shri H. P. Verma
PGT English

Hindi Department: Shri Shyam Lal, PGT Hindi

English Department: Shri Gulab Singh, TGT English

Sanskrit Department: Ms. Kavita Joshi, TGT Sanskrit

Student Editors

Master Sanket Chand, XI Sc. (English)

Ms. Yogita Singh, X Sc.(Hindi)

Ms. Sumedha Upadhyay, VII (Sanskrit)

COVER PAGE DESIGN

Mrs. Shweta Bhal
TGT (Art Education)

PHOTOS & NEWS COLLECTION

Mr. Mohammad Mudassir
(Librarian)

केन्द्रीय विद्यालय संगठन, देहरादून संभाग

KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN, DEHRADUN REGION

(मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन स्वायत्त निकाय)

क्षेत्रीय कार्यालय, सालावाला, हाथीबड़कला, देहरादून (उत्तराखण्ड)

वेबसाइट- www.kvsrodehradun.org ई-मेल : ackvsroddr@yahoo.co.in

दूरभाष: 0135-274910 (DC)/2746371/(AC)2746371(AO)/फैक्स- 2749824

तत् त्वं पूषन् अपावृणु

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

विनोद कुमार

प्रभारी उपायुक्त

Vinod Kumar

Off. Deputy Commissioner

संदेश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि केन्द्रीय विद्यालय एन.एच.पी.सी. बनबसा सत्र 2018-19 के लिए विद्यालय पत्रिका का प्रकाशन करने जा रहा है |

विद्यालय पत्रिका, विद्यालय के समस्त क्रियाकलापों के एक प्रतिबिम्ब है | इसके द्वारा उभरते रचनाकारों व सृजनशील प्रतिभाओं को अपनी सृजनात्मक क्षमता को प्रदर्शित करने का सुअवसर प्राप्त होता है और उसे परिमार्जित करने का एक मौक़ा |

मैं इस पत्रिका से जुड़े सभी लोगों को बधाई देता हूँ और इसकी सफलता की मंगल कामना करता हूँ | मुझे उम्मीद है कि पत्रिका सभी आयु वर्ग के विद्यार्थियों को उचित स्थान प्रदान करेगी |

(विनोद कुमार)

प्रभारी उपायुक्त

संदेश

यह बड़े हर्ष का विषय है कि केन्द्रीय विद्यालय क्र० 2, एनएचपीसी, बनबसा द्वारा वार्षिक पत्रिका प्रकाशित की जा रही है। केन्द्रीय विद्यालय क्र० 2, बनबसा के क्रिया कलापों पर दृष्टिपात करने के पश्चात् ऐसा प्रतीत होता है, कि यहाँ के छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु सतत प्रयासरत है। यहाँ बच्चों के सृजन एवं सकारात्मक कार्यों को पत्रिका में संयोजित किया जा रहा है, जिससे परिलक्षित हो है कि बच्चे विज्ञान, साहित्य, अध्यात्म एवं योग की मनोवृत्ति से प्रेरित है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि विद्यालय पत्रिका–2018–19 के माध्यम से प्रबन्धन व संचालन समिति अपने उद्देश्य को सामने रखकर पुनरावलोकन व आत्म–चिंतन का कार्य कर सकता है।

केन्द्रीय विद्यालय क्र० 2, एनएचपीसी, बनबसा यहाँ के क्षेत्रीय बच्चों के शैक्षिक, बौद्धिक एवं शारीरिक विकास के लिए कटिबद्ध है। बच्चों का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम विद्यालय की सार्थकता प्रमाणित कर रहा है। मुझे आशा है कि भविष्य में भी यह विद्यालय सफलता पर पहुँचेगा एवम् भविष्य में भी नित नई सफलताओं को प्राप्त करता रहेगा तथा क्षेत्र, राज्य एवम् राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

मैं विद्यालय परिवार संचालन समिति एवम् पत्रिका के सम्पादकीय समिति को "विद्यालय पत्रिका 2018–19" हेतु अपने व टनकपुर पावर स्टेशन की ओर से शुभकामना देता हूँ।

पवन कुमार
मुख्य अभियंता
टनकपुर पावर स्टेशन

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

प्राचार्या की कलम से

नमस्कार !

वर्तमान शताब्दी ज्ञान और प्रत्याशा–विस्फोट की दृष्टि से सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। विज्ञान एवं तकनीकी में प्रगति के कारण ज्ञान के नवीन क्षेत्र निरन्तर उद्घाटित हो रहे है। इनके साथ समायोजन तथा अधिकतम लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से प्रत्याशाओं में वृद्धि एक सहज परिणति है। शिक्षा के लिए ये दोनों परिस्थितियां पर्याप्त महत्व रखती हैं बच्चों की शिक्षा का कार्य भावी पीढ़ी को समय–सापेक्ष कौशलों और दक्षताओं में निपुण बनाना है।

प्रस्तुत अंक बल रचनाकारों की क्रियात्मकता एवं सृजनात्मकता की दृष्टि से समय की अपेक्षाओं के अनुरूप हो और जीवन के लिए आवश्यक कौशलों एवं दक्षताओं के विकास में सहायक हो।

मुझे विश्वास है कि यह पत्रिका नवोदित रचनाकारों में करके सीखने के महत्व को स्थापित कर सकेगी और सीखा हुआ ज्ञान व्यवहार का अंग बन सकेगा।

मैं केन्द्रीय विद्यालय संगठन के संभागीय आयुक्त महोदय की प्रेरणा, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष के आर्शीवचनों को आत्मसात करते हुए संपादक मण्डल एवं सहयोगियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ जिनके अथक प्रसास से यह प्रत्रिका आप के समक्ष प्रस्तुत हो रही है।

रंजना बरफाल

प्राचार्या

From the .....
Editor's Pen

In order to groom the student's personality and give them enough room to grow intellectually, technically and culturally K.V. NHPC, Banbasa is bringing out the "Vidyalaya Patrika" for the academic year 2018-19, a greatest treasure of the budding writer's creativity. It is not only a collection of little kids' innovative imagination and ideas but provides a real platform to them also to unleash their hidden potential.

Further this creativeness develops a good habit in them for reading , writing , communication , accepting global challenges and to overcome them .

I am sure that this magazine will serve as perfect entertainment for the readers, children and their parents.

I extend my best wishes to the staff , students , one and all and appreciate their endeavours for the publication of this "Patrika".

Above all I owe the esteemed Principal a debt of gratitude for her precious guidance in electrifying our efforts and for being an ever inspiring source. I also express my gratitude to KVS , Chairman VMC and its members.

Thank you, and wish you a happy reading.

H.P. Verma
Chief Editor

केन्द्रीय विद्यालय क्र-० 2, एन. एच. पी. सी., बनबसा

EDITORIAL BOARD

बैठे हुए : (बाएँ से दाएं) - श्री श्याम लाल, स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी), श्री एच पी वर्मा, स्नातकोत्तर शिक्षक (अंग्रेजी), श्रीमती रंजना बरफाल , प्राचार्य, श्रीमती श्वेता भाल, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (कला शिक्षण) , श्री एच वी मिश्रा, (प्राथमिक शिक्षक) , श्री मुहम्मद मुदस्सिर, पुस्तकालयाध्यक्ष

खड़े हुए : (बाएँ से दाएं) - योगिता सिंह, X संकेत चंद, XI Sc. सुमेधा उपाध्याय, VII

उत्तर उजाला - 05/04/19

वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

बनबसा। केन्द्रीय विद्यालय, नंबर दो एनएचपीसी का वार्षिकोत्सव समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

एनएचपीसी के आडिटोरियम में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक टनकपुर पावर स्टेशन के मुख्य महाप्रबंधक रईस मियां और महिला कल्याण संस्था की अध्यक्षा मुनिफा रईस ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर प्रबंधक रईस मियां ने सभी को वार्षिकोत्सव की शुभकामनाएं दी, और विद्यालय के विकास में हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। विद्यालय की प्राचार्या रंजना बरफाल ने सभी का स्वागत कर वार्षिकोत्सव की शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए वर्षभर चलने वाले क्रियाकलापों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। समारोह में छात्र-छात्राओं के द्वारा गढ़वाली, पंजाबी, कुमाऊंनी गीतों में सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किये। छात्र-छात्राओं के द्वारा अंग्रेजी लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में कक्षा 9 और 11 में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आये बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस, क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिताओं, टैरी ग्रीन प्रतियोगिताओं और विद्यार्थी विज्ञान मंथन आदि में स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। शिक्षक श्याम लाल और मो. मुदस्सिर के संचालन में हुए कार्यक्रम में टनकपुर पावर स्टेशन के एस के शर्मा, अमिताभ झा, आनन्द टैंबरे, जानकी खर्कवाल, बी डी उपाध्याय, राजेश यादव के अलावा विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

मोटरसाइकिल चलाते समय जरूर पहनें हेलमेट

बनबसा : केंद्रीय विद्यालय नंबर दो एनएचपीसी में पुलिस ने छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों, नशा उन्मूलन और महिला सुरक्षा एवं मानव तस्करी के संबंध में जागरूक किया। शारदा बैराज पुलिस चौकी प्रभारी गोविन्द बिष्ट ने छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए बताया कि बाइक चलाते हुए हेलमेट का प्रयोग करने, सडक पर अनुशासन में चलने, नशा न करने, महिला सुरक्षा और मानव तस्करी के रोकथाम के बारे में जागरूक किया। पुलिस कांस्टेबल जीवन चंद्र पांडे, जाकिर हुसैन, दीपक रावत और महिला कांस्टेबल कमला ने भी जागरूक किया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या रंजना बरफाल के अलावा शिक्षक मौजूद रही। संसू

दैनिक जागरण 21/7/19

केंद्रीय विद्यालयों का शानदार रिजल्ट

डाक्टर बनना चाहती है रिया पटेल

केवि-दो में विद्यार्थी परिषद का गठन

www.jagran.com — दैनिक जागरण 05/04/19

बच्चों के नृत्य ने मोहा मन

केंद्रीय विद्यालय नंबर दो में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

...रईस ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रबंधक रईस मियां ने सभी को वार्षिकोत्सव की शुभकामनाएं दी और विद्यालय के विकास में हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। विद्यालय की प्रचार्या रंजना बरफाल ने सभी को वार्षिकोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय के वर्ष भर की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और वर्षभर चलने वाली क्रिया कलापों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय की छात्र-छात्राओं के द्वारा गढ़वाली, पंजाबी, कुमाऊंनी गीतों में सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए गए। छात्र-छात्राओं के द्वारा अंग्रेजी लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में कक्षा नौ और 11 में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आए बच्चों, राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस, क्षेत्रिय खेलकूद प्रतियोगिताओं, विज्ञान मंथन आदि में स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शिक्षक श्याम लाल और मो. मुदस्सिर, टनकपुर पावर स्टेशन के एस के शर्मा, अमिताभ झा, आनंद टैंबरे, जानकी खर्कवाल, बीडी उपाध्याय, राजेश यादव के अलावा विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

अमर उजाला - 29/8/19

प्रश्नोत्तरी में योगिता और सत्यम ने बाजी मारी

बनबसा (चंपावत)। केवि-दो में विद्यालय स्तरीय सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

एनएचपीसी स्थित केवि-दो में सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी में आयोजित हिंदी वादविवाद प्रतियोगिता में अंजलि लेखक, गरिमा चंद और अंग्रेजी वादविवाद में सुयश गहतोड़ी, श्रेया पाल ने बाजी मारी। परियोजना कार्यक्रम के तहत बच्चों ने चार्ट, फाइल, फोटो एलबम आदि का निर्माण किया। प्रत्येक छात्र छात्रा ने अपने कार्यों का निर्णायक मंडल के समक्ष परिचय रखा। गांधी जी का जीवन और दर्शन पर आयोजित प्रश्नोत्तरी में कक्षा 11 विज्ञान वर्ग की योगिता सिंह और कक्षा नौ के छात्र सत्यम चंद विजेता बने। निर्णायक सीआईएसएफ के एसी अविनाश कुमार, डिग्री कालेज के असिस्टेंट प्रोफेसर दिनेश गुप्ता थे। प्राचार्य रंजना बरफाल ने अतिथियों का आभार जताया। बीसी सिंह, सतीश चंद्र उप्रेती, मो. मुदस्सिर, पंकज सिंह बिष्ट ने सहयोग दिया। ब्यूरो

छात्रों ने बनाए विज्ञान के मॉडल

बनबसा। केन्द्रीय विद्यालय नंबर दो एनएचपीसी में विद्यालय स्तरीय सामाजिक विज्ञान प्रतियोगिता प्रदर्शनी और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं के द्वारा चार्ट, फाइल और फोटो एलबम के रूप मे परियोजना कार्य प्रस्तुत किया। इस दौरान छात्रों ने अपने परियोजना कार्य का परिचय भी दिया। इसके अलावा वाद-विवाद प्रतियोगिता में सुयश गहतोड़ी, श्रेया पाल ने अंग्रेजी और हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता में गरिमा चंद और अंजलि अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। महात्मा गांधी के जीवन और दर्शन पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रयोगिता चंद और सत्यम चंद विजयी रहे। प्रतियोगिता के निर्णायमंडल में सहयक कमांडेंट सीआईएसएफ अविनाश कुमार, दिनेश कुमार गुप्ता प्रोफेशर राजकीय महाविद्यालय बनबसा रहे। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य रंजना बरफाल ने छात्र-छात्राओं को प्रतिभाग करने वालों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में बीपी सिंह, सतीश चन्द्र उप्रेती, मोहम्मद मुदस्सिर, पंकज सिंह बिष्ट आदि ने सहयोग दिया।

उत्तर उजाला - 29/8/19

केवि- दो के बच्चों को दी आग से बचाव की जानकारी

बनबसा (चंपावत)। अग्निशमन विभाग ने एनएचपीसी स्थित केवि-दो के बच्चों को आपदा एवं उससे बचाव की जानकारियां दीं। इस मौके पर बच्चों को मौक ड्रिल के जरिए आग पर काबू पाने और आपदा से निपटने के तरीकों को दिखाया। पुलिस अधीक्षक ददन पाल के निर्देश पर पुलिस विभाग के अग्निशमन विभाग की टीम ने एनएचपीसी स्थित केवि-दो के बच्चों को आग एवं अन्य आपदाओं के संबंध में जानकारी दी। आपदा के दौरान बचाव और राहत कार्यों के बारे में बताया। आपदा राहत कार्यों में लोगों द्वारा किस तरह मदद पहुंचाई जा सकती है और बच्चों की भूमिका के संबंध में बताया गया। इस मौके पर अग्निशमन दल के श्याम सिंह रावत, गोविंद राम, चंद्रशेखर, कृष्ण सिंह, राज कुमार, भरत सिंह, मनोज कुमार, उमेश राना के अलावा स्कूल की प्राचार्या रंजना बरफाल, शिक्षक शिक्षिकाएं और बच्चे उपस्थित थे। ब्यूरो

सुयश ने किया विद्यालय टॉप

संवाद सूत्र, बनबसा : सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल का परीक्षाफल घोषित हो गया है। केंद्रीय विद्यालय नंबर दो एनएचपीसी के छात्र सुयश गहतोड़ी ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टाप किया है। जबकि योगिता 96 प्रतिशत द्वितीय, विनिशा 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे और प्रिया कापड़ी 92.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथे स्थान पर रही। केंद्रीय विद्यालय नंबर एक सैनिक छावनी के पारस जैन ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। वहीं दिव्या दुबे 93.6 प्रतिशत द्वितीय और रिया गंगोला 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रही। केवी एक शिक्षा छावनी के प्राचार्य भुवन चन्द्र जोशी ने बच्चों को शुभकामनाएं दी।

सिविल सेवा में जाना है लक्ष्य

केंद्रीय विद्यालय नंबर दो एनएचपीसी से 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टाप करने वाले छात्र सुयश गहतोड़ी भविष्य में सिविल सेवा में जाकर देश और जनता की सेवा करना चाहते है। उनके पिता एलडी गहतोड़ी पेशे से वकील है और माता रेनू गहतोड़ी सेंट फ्रांसिस स्कूल टनकपुर में शिक्षिका है। सुयश गहतोड़ी ने अपनी कामयाबी का सारा श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों और अपनी कड़ी मेहनत को दिया।

इंजीनियर बनना चाहते हैं पारस

केन्द्रीय विद्यालय नंबर एक सैनिक छावनी से 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टाप करने वाले पारस जैन भविष्य में इंजीनियरिंग के क्षेत्र में जाकर देश की सेवा करना चाहते है। उनके पिता अजय जैन शिक्षा विभाग में कार्यरत है और माता सुचि जैन गृहणी है। उन्होंने बताया कि वह नियमित रूप से प्रतिदिन 6 घंटे पढ़ाई करते थे। उन्होंने अपने सफलता का श्रेय माता पिता और गुरुजनों को दिया है।

अमर उजाला 07.05.19

03/05/19 दैनिक जागरण

केंद्रीय विद्यालय में रिया ने किया टॉप

संवाद सूत्र, बनबसा: इंटर की बोर्ड परीक्षा में केंद्रीय विद्यालय नंबर दो एनएचपीसी के इंटर का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। पीसीबी ग्रुप में रिया पटेल ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया जबकि फागपुर की साइंस पीसीएम ग्रुप की वर्तिका चंद ने 89.8 अंक प्राप्त कर द्वितीय और साइंस पीसीएम ग्रुप में टनकपुर के सौरभ श्रीवास्तव ने 89.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

विज्ञान वर्ग में यशवर्धन पाल और तनुज जोशी ने 94.6 अंक प्राप्त कर विद्यालय टाप किया। ईशा चंद ने 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय और अनिकेत जैन ने 87.6 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कामर्स वर्ग में कनक भट्ट 88.2 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, वंदना सिंह 74.4 प्रतिशत अंक द्वितीय और अंजली टम्टा 73.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रही।

डॉक्टर बनना चाहती है रिया

केंद्रीय विद्यालय नंबर दो एनएचपीसी में पीसीबी ग्रुप से विद्यालय टाप करने वाली रिया पटेल आगे चलकर मेडिकल क्षेत्र में जाना चाहती है। वह डाक्टर बनकर लोगों की सेवा करना चाहती हैं। रिया पटेल के पिता धीरेन्द्र पटेल टनकपुर पावर स्टेशन में सीनियर मैनेजर हैं और माता मंजुला पटेल गृहणी है। रिया पटेल ने सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरुजनों को दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य रंजना बरफाल ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

यशवर्धन बैंकिंग क्षेत्र में बनाना चाहते हैं कॅरियर

केंद्रीय विद्यालय नंबर एक सैनिक छावनी में 94.6 अंक प्राप्त कर विद्यालय टाप करने वाले होनहार छात्र यशवर्धन पाल भविष्य में बैंकिग के क्षेत्र को अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं। उनके पिता देवेंद्र पाल व्यापारी है और माता इंदू पाल शिक्षिका हैं। वह सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों को देते हैं। इसी विद्यालय से 94.6 अंक प्राप्त करने वाले छात्र तनुज जोशी भविष्य में इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहते हैं।

केवि- दो के बच्चों को दी आग से बचाव की जानकारी

बनबसा (चंपावत)। अग्निशमन विभाग ने एनएचपीसी स्थित केवि-दो के बच्चों को आपदा एवं उससे बचाव की जानकारियां दीं। इस मौके पर बच्चों को मौक ड्रिल के जरिए आग पर काबू पाने और आपदा से निपटने के तरीकों को दिखाया। पुलिस अधीक्षक ददन पाल के निर्देश पर पुलिस विभाग के अग्निशमन विभाग की टीम ने एनएचपीसी स्थित केवि-दो के बच्चों को आग एवं अन्य आपदाओं के संबंध में जानकारी दी। आपदा के दौरान बचाव और राहत कार्यों के बारे में बताया। आपदा राहत कार्यों में लोगों द्वारा किस तरह मदद पहुंचाई जा सकती है और बच्चों की भूमिका के संबंध में बताया गया। इस मौके पर अग्निशमन दल के श्याम सिंह रावत, गोविंद राम, चंद्रशेखर, कृष्ण सिंह, राज कुमार, भरत सिंह, मनोज कुमार, उमेश राना के अलावा स्कूल की प्राचार्या रंजना बरफाल, शिक्षक शिक्षिकाएं और बच्चे उपस्थित थे। ब्यूरो

जुलाई 2019

केवि-दो में संस्कृत सप्ताह संपन्न

अमर उजाला — बनबसा केवि टू में संस्कृत सप्ताह के समापन मौके पर जल संरक्षण पर संस्कृत नाटिका प्रस्तुत करते बच्चे। अमर उजाला

25 Aug 19

बनबसा (चंपावत)। एनएचपीसी स्थित केवि-दो में संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया गया। प्राचार्या रंजना बरफाल और वरिष्ठ शिक्षक ... ने कार्यक्रम का समापन ... दीप प्रज्वलन कर किया। समापन ... संस्कृत सप्ताह के विजेता छात्र-छात्राओं के नामों की घोषणा की गई।

... टनकपुर पावर स्टेशन स्थित केवि-दो में 13 अगस्त से ... संस्कृत सप्ताह का आयोजन हुआ। संस्कृत सप्ताह के दौरान छात्र-छात्राओं ने वंदना, संस्कृत श्लोक पाठ, प्रश्नोत्तरी, निबंध, लेखन, कथा वाचन, समूह गान आदि प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। समापन मौके पर बच्चों ने संस्कृत भाषा में जल संरक्षण पर आधारित नाटिका का मंचन किया। श्लोकपाठ में सुमेधा, विनिशा, सुनील, प्रश्नोत्तरी में सत्यम, स्वस्ति, मिथलेश, निबंध में अभिषेक, सत्यम, प्रशंस और प्रतिभा पहले तीन स्थानों पर रहे। कथा वाचन में आस्था, देवांश, प्रतिभा, अरिशा, अमिता एवं अभिषेक विजयी रहे। छात्र-छात्राओं ने शिक्षक श्यामलाल, शिक्षिका कुमकुम मिश्रा और कविता जोशी के दिशा-निर्देशन में विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। ब्यूरो

केवि- दो के बच्चों ने बनाए आकर्षक माडल

मॉडलों का निरीक्षण करते एनएचपीसी के महाप्रबंधक पवन गुप्ता और अन्य।

बनबसा (चंपावत)। एनएचपीसी स्थित केवि-दो में जवाहर लाल नेहरू विद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। शुभारंभ विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष एनएचपीसी के महाप्रबंधक पवन कुमार गुप्ता ने किया। उन्होंने बच्चों के माडलों की सराहना की। (अमर उजाला - 27/8/19)

विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा प्रदर्शित मॉडलों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के लिए चयनित किया। कनिष्ठ वर्ग में सैयद मदनी, मोफस्सिर, गौरव, तनिष्क, उत्कर्ष, रुद्राक्ष और वरिष्ठ वर्ग में पार्श्वी, ओम, अमन, प्रज्ञा, सत्यम, श्रीयांशा, अवनिता प्रथम स्थान पर चयनित हुए। निर्णायक मंडल में शिक्षिका वंदना, एस मजूमदार, केएस रावत, अंकिता थे। एनएचपीसी के मानव संसाधन विभाग के उपमहाप्रबंधक आनंद टैंभरे आदि ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य रंजना बरफाल ने सभी का आभार जताया। उन्होंने बताया कि चयनित बच्चे अपने मॉडलों के साथ रीजनल रैली में प्रतिभाग करेंगे। ब्यूरो

KENDRIYA VIDYALAYA No.2, NHPC BANBASA

Academic Excellence 2018-19

TOPPERS

CLASS — X

Suyash Gahtori
1st Position (97%)

Yogita Singh
2nd Position(96%)

Vinisha Ratnakar
3rd Position(95.4%)

CLASS — XII Science

Riya Patel
1st Position (92.8%)

CLASS—XII COMMERCE

Deepanshi Sharma
1st Position (83.4%)

Harshit Gupta
1st Position (83.4%)

SCHOOL BOARD RESULT 2019

CLASS:XII

	APPEARED	PASS	PASS%	PI
OVERALL	45	45	100	57
SCIENCE	25	25	100	62.2
COMMERCE	20	20	100	50.5

CLASS:X

APPEARED	PASS	PASS%	PI
27	26	96.3	58.8

TOPPERS: CLASS X

OVERALL TOPPERS:

I	SUYASH GAHTORI	97%
II	YOGITA SINGH	96%
III	VINISHA RATNAKAR	95.4%

SUBJECT WISE HIGHEST MARKS:

ENGLISH	96-Anjali Lekhak
HINDI	100-Suyash Gahtori
MATHEMATICS	99-Suyash Gahtori
SCIENCE	98- Suyash Gahtori
SOCIAL SCIENCE	99-Yogita Singh

TOPPERS : CLASS XII SCIENCE

I RIYA PATEL 92.8%
II VARTIKA CHAND 89.8%
III SAURABH SRIVASTAV 89.4%

TOPPERS : CLASS XII COMMERCE

I DEEPANSHI SHARMA, HARSHIT GUPTA 83.4%
II MOHAMMAD UVAIS 83.2%
III ATUL SINGH 79.8%

SUBJECT WISE HIGHEST MARKS:

ENGLISH	91-DEEPANSHI SHARMA
HINDI	99-RIYA PATEL
MATHEMATICS	92- SAURABH SRIVASTAV
PHYSICS	94- SAURABH SRIVASTAV
CHEMISTRY	95-–RAJAT SINGH BISHT ,RIYA PATEL, SAURABH SRIVASTAV
BIOLOGY	95-RIYA PATEL , VIJAY VERMA
COMPUTER SCIENCE	95 -SAURABH SRIVASTAV
IP	82- HARSHIT GUPTA
PHYSICAL EDUCATION	96 –RAJAT SINGH BISHT
ECONOMICS	95-DEEPANSHI SHARMA
BUSINESS STUDIES	87- HARSHIT GUPTA
ACCOUNTANCY	92-DEEPANSHI SHARMA

हिन्दी

विभाग

जवान और सरहद

बेटा आया मुझसे मिलने को
कुछ पल साथ बिताने को
माँ के हाथ के पकवान खाने
और खिलाने को
अब सरहद ने तुझे बुलाया है
बेटा तुझे दुश्मन को मार गिराना होगा
बेटा तुझे सरहद पर जाना होगा
बेटा प्यारा होता है पापा को
कंधे पर घूमता था
माँ कभी थप्पड़ मारती
तो चाकलेट से मानता था
खिलोने की बंदूक लेकर
दुश्मन को भगाता था
अब सच में दुश्मन को भगाना है
बेटा तुझे सरहद पर जाना है
याद बहुत आओगे होली ओर दिवाली में
तुम बिन रह ना पाउंगी तीज ओर
त्योहारों में
पर ना रोकूंगी तुमको
सरहद के उस बुलावे पर
कहलाना पसंद करूंगी
एक शहीद की बेवा
तुमको कायर कहलाने से
स्वामी दुश्मन को हराना होगा
आपको सरहद पर जाना होगा
पापा नहीं खेलना खेल खिलोनों से
हाथी घोडा बन्दूको से
आज आपको जाना है
कल मेरी बारी है
भारत माँ की लाज बचानी है
दुश्मन को धुल चटाना होगा
पापा आपको सरहद पर जाना होगा |

नाम- कनक सोराड़ी
कक्षा- 11वी विज्ञान

कविता

मैं जगा रहूँगा रात-दिन
चाहे धुप हो या बरसात हो
चाहे तूफ़ान आये या पूस की ठंडी रात हो
मैं खड़ा रहूँगा सरहद पर सीना ताने
चाहे गोलियों की बौछार हो ,
चाहे ना खाने को कुछ भी आहर हो
अपने वतन की खातिर मैं
हर दर्द हँस के श लूँगा
निकले जो खून बदन से मेरे
मैं खुश हो लूँगा
कभी आँखों में रेत भी चली जाये टो
वादा है मेरी पलकें नही झपकेगी
लहू भी जम जाए जो सीने में
मेरे हाथ बंदूक नीचे नहीं रखेंगे
दुश्मन के घर मेरे वतन के चट्टानों का
एक टुकड़ा भी ना जा पायेगा
जमीदोज क्र दूंगा मैं तुमको
जो मेरी धरती की तरफ आँख उठाएगा
कितना भी दुर्गम रास्ता हो
किंचित भी नहीं डरूंगा मैं
चप्पे चप्पे पर रहेगी नजर मेरी
देश के गद्दारों पर अब रहम नही करूँगा मैं

नाम – राशिका
कक्षा – नवम

चलो स्कूल

दिल के सच्चे
नन्हे नन्हे बच्चे
हरे हरे पत्ते
लाल लाल फूल
देर मत करो
जल्दी चलो स्कूल

नाम – पूनम
कक्षा- चार

उस माँ से पूछ

उस माँ से पूछ
जिसने आने कलेजे को देश के नाम किया
जलाती है रोज उसके लिए जीवन का दिया
अपने पति को खोने के बाद
अपने बेटे को दिया
उस माँ से पूछ
जिसने अपने कलेजे को देश के नाम किया
यूँ ट तुमने खूब लडके देखे होंगे काम करने वाले
मैं तो टिप्पणी कर सकती हूँ इस बारे में
माँ टो उसकी अकेली है बिना अपने बेटे
के बिना कुछ जाने बारे में
एक माँ से पूछ
जिसने अपने इकलौते कलेजे को देश के नाम किया
कुछ तो शर्म करो देशवासियों दुसरे देश
में घूमने से अच्छा अपने देश में घुमने की बनाओ इच्छा
उस माँ से पूछ
जिसने अपने कलेजे को देश के नाम किया
देश के नाम किया

नाम – हिमानी

शहीद के बेटे की पुकार

जब एक वीर सैनिक शहीद होता है
मासूम बच्चो के मुंह से यह निकलता है
ओढ के तिरंगा क्यूँ पापा आये है
माँ मेरा मन बात यह समझ ना पाए है
ओढ के तिरंगा क्यों पापा आये है
पहले पापा मुन्ना मुन्ना कहते आते थे
टाफियां खिलौना भी साथ में लाते थे
हाथ फेर सिर पर प्यार भी जताते थे
पर ना जाने क्यूँ आज वो चुप हो गये
लगता है बहुत गहरी नींद सो गये
नींद से पापा उठो मुन्ना बुलाये है
ओढ के तिरंगा क्यूँ पापा आये है
फौजी अंकल की भीड़ घर क्यूँ आई है
पापा का सामान साथ क्यूँ लाई है
साथ में क्यूँ लाई है वह मेडलों का हार?
आँख में आंसू सबके क्यूँ आते बार बार
पापा ये दादा कह रहे है तुमको जलाऊं मैं
इस आग में समा के साथ छोड़ जाओगे
आँखों में आंसू होंगे बहुत तुम याद आओगे
अब पापा समझे माँ ने क्यों आंसू बहाए थे
ओढ के तिरंगा क्यों पापा आये थे

नाम – तनिष्का चंद
कक्षा – आठ

आर्मी के लिए शायरी

1. दूध और खीर की बात करते हो
हम तुम्हे कुछ भी नही देंगे
कश्मीर की तरफ नजर भी उठाई
तो लाहौर भी चीन लेंगे

2. फौजी की मौत पर परिवार को दुःख कम
और गर्व ज्यादा होता है
ऐसे सपूतो को जन्म दे कर माँ की कोख
भी धन्य हो जाती है

3. जिसकी वजह से पूरा
हिंदुस्तान चैन से सोता है
कड़ी ठंड,गर्मी और बरसात में
अपना धैर्य न खोता है

4. मेरे जज्बातों से मेरी कलम इस
कदर वाकिफ हो जाती है
मैं इश्क भी लिखना चाहूँ तो इन्कलाब लिखा जाता है

5. मरने के बाद भी जिसके नाम में जान है
ऐसे जांबाज सैनिक हमारे भारत की शान है

जय हिन्द जय भारत

नाम – योगेश सोनल
कक्षा- नवम

कविता

हम भारत के वासी भारत हमारा देश
जन जन में देना है हम को उपदेश
जिस माँ ने हमको जन्म दिया है
हमको उसका कर्ज चुकाना है
कश्मीर हमारा अंग है
दुश्मनों से हमें बचाना है
सरहद पर जb दुश्मनों ने खेली होली
तब माँ के लालने चलायी गोली
रात रात भर माँ का पहरा करके
दुश्मनों को बचाते है
वही लाल माँ के सैनिक कहलाते है
जो लाल दुश्मन को मार गिराते है
अपने देश की खातिर जान लुटाता है
सुनहरे सपनों को उन शहीदों ने
सुनहरा बनाया है
मार गिराओ उन लुटेरों को
जिन्होंने हिंदुस्तान को लूटा है
जय हो उन वीरो की जिन्होंने
इस देश को लुटेरों से बचाया है
जय हो उन वीरों की, जय हो

नाम- रिया चंद
कक्षा – नवम

देश के सैनिकों को मेरा सलाम

नमस्कार ,

ये कविता समर्पित है देश की रक्षा में
सरहद पर खड़े उन सैनिकों को जो अपनी के
नाम अपना सारा जीवन लिख देते है तो आइये
पढ़ते है सैनिक पर कविता –
सरहद पर खड़े रखवालों को
इस देश के पहरेदारों को
दिल से मेरा सलाम है
दिल से मेरा सलाम है
ये देश चैन से सोता है
वह पहरे पर जब होता है
जो आंख उठाता है दुश्मन
तो अपनी जान वो खोता है
उनकी वजह से आज सुरक्षित
ये सारा आवाम है
दिल से मेरा सलाम है
दिल से मेरा सलाम है
काम नही आसान है ये
दिल पत्थर करना पड़ता है
देश या फिर घर बार में से
किसी एक को चुनना पड़ता है
तब जाकर मिलती है कहीं
देश को ये आराम कि जिंदगी
दिल से मेरा सलाम है
दिल से मेरा सलाम है
देश सेवा ही धर्म है उनका
हथियार ही बस उपदेश है
भारत माता की जय हो
सदा करते यह उद्घोष हैं
अपने पैरोंपर खड़े हैं हम
नहीं किसी का गुलाम है
दिल से मेरा सलाम है
दिल से मेरा सलाम है

अगला जन्म मैं जब भी पाऊं
इसी धरा का मैं हो जाऊं
दिल में भारत माता हो
गीत उसी का सदा मैं गाऊं
हर सैनिक के दिल में सदा
रहता यही अरमान है
दिल से मेरा सलाम है
दिल से मेरा सलाम है

नाम – अरीशा सिद्दीकी
कक्षा – नवम

वीर जवानों की गाथायें

वीर जवानों की गाथायें, तुमको आज सुनाता हूँ
तूफानों में डटे रहें जो, उनको शीश झुकाता हूँ
कर्मपथ के वो अनुरागी, मैं तो उनका दास हूँ
उनकी ही आजादी में, लेता खुलकर सांस हूँ
भारत माँ के प्रणय हेतु, करता मैं अहसास हूँ
गाकर गाथा उन वीरों की मन से मैं मुस्काता हूँ
वीर जवानों की गाथायें, तुमको आज सुनाता हूँ

नाम- विष्णु कुमार
कक्षा- नवम

पत्र

मेरे प्रिय सैनिकों,

मुझे ख़ुशी हो रही है कि मैं आप लोगों के लिए यह पत्र लिख रही हूँ सबसे पहले मैं आपको सहृदय धन्यवाद देना चाहूंगी क्योंकि आप अपने/हमारे देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर देते हैं| आज हम सब आपकी वजह से ही तो अपने घरों में सुरक्षित रहते हैं वरना हम तो कब का मृत्यु के मुंह में चले जाते| आप हम सब के लिए अपनी जननी/माँ और पापा से दूर रहते है| आपने अपनी माँ की हालत देखी है जब आप जाते होंगे तो आपने महसूस नही किया कि आपकी माँ कितना रोती है आप जब बॉर्डर पर शहीद होते है तो आपका परिवार पूरी तरह से टूट जाता है अगर मेरी बातों ने आपको ठेस पहुँचाई हो तो मुझे माफ़ करना मैं आपकी बहन तो नहीं पर भाई कहने का हक दोगे ना भाई |



नाम – कनिष्का राणा
कक्षा – आठ

योग एवं स्वास्थ्य

योग शब्द से हम भली भांति परिचित है ,आधुनिक जीवन शैली और इसके नुकसान को हम विभिन्न साधनों के माध्यम से प्रतिदिन सुन रहे है उदाहरण के रूप में विभिन्न आयु वर्ग के लोग किसी न किसी रोग से पीड़ित होते जा रहे है –शुगर(मधुमेह),उच्च व निम्न रक्तचाप(ब्लड प्रेशर),कमर दर्द,सर्वाइकल स्पोंडलाइटिस,जोड़ों के दर्द ,गठिया आदि रोग से हर कोई पीड़ित है तो वहीं डिप्रेशन , अनिद्रा , तनाव , अवसाद जैसी सूक्ष्म बीमारियाँ भी आज जानलेवा साबित हो रही है ,ऐसी स्थिति में निवारण के रूप में हमें डॉक्टर व् अन्य सम्बन्धित विशेषज्ञ योग को जीवन शैली का अंग बनाने की सलाह देते है | योग के अंतर्गत समावेशित सूक्ष्म व्यायाम हो या मांसपेशियों को मजबूती प्रदान करने वाले आसन प्रत्येक शारीर को चुस्त-दुरुस्त बनाते है | वर्तमान में पूरे विश्व ने योग के महत्व को समझ कर एवं योग को जीवन में अपना कर लाभान्वित हो रहे है | प्रत्येक वर्ष 21 जून को विश्व के 170 से अधिक देश अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन व्यापक स्तर पर करते है|

योग के विषय में अधिकांश लोग समझते है कि योग रोगों का उपचार करने की मात्र एक विधा है| योग मात्र एक चिकित्सा पद्धति नहीं है अपितु योग जीवन जीने की श्रेष्ठतम कला है जिसके द्वारा मानसिक ,शारीरिक ,आध्यात्मिक एवं सामाजिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है | योग के द्वारा हम अपनी भावनाओं पर नियंत्रण करना सीखते है एवं दिन प्रतिदिन जीवन में आने वाली बाधाओं को विचलित हुए बिना पार करने की शक्ति को प्राप्त कर लेते है| योग हमारी संस्कृति की प्राचीन ऐतिहासिक धरोहर है जिसे हमारे पूर्वजों व् ऋषि मुनियों ने प्रदत्त किया | योग से एकत्व का मार्ग प्रशस्त होता है जिससे आत्मिक शांति की प्राप्ति होती है |

योग के द्वारा हम अपने शरीर,मन एवं आत्मा को नियंत्रित करते है| चूँकि प्रसन्न मन के द्वारा किया जाने वाला प्रत्येक कार्य सफलतापूर्वक किया जा सकता है अतः योग हमें भीतर से शांत व बाहरी रूप से दृढ़ बनाता है | योग से स्वास्थ्य लाभ का उल्लेख करें तो यह देखेंगे कि योग विद्यार्थियों के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है| वर्तमान समय विद्यार्थियों के लिए अत्यधिक संघर्षपूर्ण है | प्रतियोगी परीक्षाओं में भागीदारी हो अथवा अन्य क्रियाकलाप श्रेष्ठ बनने की इच्छा विद्यार्थियों के मन मस्तिष्क पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है|

विद्यालय में योग की गतिविधियाँ –

सूर्य नमस्कार –सूर्य नमस्कार एक पूर्ण व्यायाम है इससे सम्पूर्ण अंग प्रत्यंग बलीष्ठ एवं निरोगी होते है| मेरुदंड लचीला होता हैं| संपूर्ण शरीर में रक्त संचरण सुचारू रूप से कार्य करता है|

विभिन्न प्रकार के आसन – विभिन्न आसनों का अभ्यास करने से शरीर के समस्त जोड़ ,

रोग प्रतिरोधक तंत्र मजबूत होता है | शरीर के बाह्य अंगो व आंतरिक अंगो को समान रूप से बल मिलता है

प्राणायाम- मानसिक एकाग्रता बढ़ती है|

आसन – ताड़ासन,वृक्षासन ,हलासन,सर्वांगासन ,मंडूकआसन ,चक्रासन ,नौकासन.

प्राणायाम-भस्त्रिका,कपालभाति,अनुलम विलोम , नाडी शोधन,सूर्यभेदी आदि |

नेहा कापड़ी

योग प्रशिक्षिका

कविता

प्यारा प्यारा मेरा देश
सजा सजाया मेरा देश
दुनिया जिस पर गर्व करें
नया निराला मेरा देश
सफल सलोना मेरा देश

नाम- भावेश

कक्षा – चार

पेड़ लगाओ

पेड़ लगाओ, पेड़ लगाओ
हरा भरा जीवन बनाओ
छाया ये हमको देते है
फल ये हमको देते है
बाढ़ से हमको बचाते है
प्रदूषण दूर हटाते है
हम भी पेड़ लगायेंगे
प्रदूषण दूर हटायेंगे

नाम- शानवी महर

कक्षा – तीन

पप्पू की अंग्रेजी

एक बार एक स्कूल में एक अंग्रेजी का टीचर था और एक स्टूडेंट था पप्पू | एक बार पप्पू पूछता है कि 'नटूरे' का क्या अर्थ होता है? टीचर यह शब्द सुनते ही शोक में डूब गया कि 'नटूरे' क्या होता है? उस वक्त तो टीचर ने बात टाल दी | घर जाकर तो टीचर नेट , डिक्सनरी तथा कई किताबों में खोजा पर 'नटूरे' शब्द कहीं नहीं मिला तो अगले दिन फिर पप्पू ने टीचर से पूछा पर टीचर ने बात टाल दी | ऐसा कई दिन तक हुआ तो टीचर ने पूछा कि 'नटूरे' की स्पेलिंग तो सुना | पप्पू बोलता है NATURE तो टीचर चक्कर खा कर गिर जाता है क्यूंकि 'नटूरे' नहीं होता है 'नेचर' होता है | होश में आने पर टीचर पप्पू से बोलते हैं मैं तुम्हें स्कूल से निकाल दूंगा | पप्पू रोते हुए बोलता है ऐसा मत करना वरना मेरे 'फुटूरे' खराब हो जायेगा |

नटूरे = NATURE

फुटूरे = FUTURE

वाह पप्पू वाह तेरी अंग्रेजी को क्या कहूँ

कविता

घडी बजाती ताली है| समय बताने वाली है|
देर से जागना गाली है| रोज सवेरे जल्दी जागो|
सुबह उठकर शौच को जाओ मुंह धो कर थोड़ासा खाओ |
पढ़ो लिखो पाठशाला जाओ | बस अब आने वाली है |
घडी की जो पाबंदी करते मुंह पे रहती लाली है |
घडी बजाती ताली है | समय बताने वाली है |

नाम- आस्था
कक्षा– तीन

मेरा भारत

भारत देश प्यारा देश
सब देशों से न्यारा देश
हिन्दू मुस्लिम भाई भाई
मिलकर रहते सिख ईसाई
इसकी धरती उगले सोना
ऊँचा हिमगिरि बड़ा सलोना
सागर धोता इसके पाँव
है इसके अलबेले गाँव

नाम – लक्ष्मी शुक्ला
कक्षा- तीन

कविता

कुटिया से महलों तक आओ
कुटिया से महलों तक आओ
आज तिरंगे को फहराओ
आज तिरंगे के नीचे राष्ट्रगान
हम मिल जुल कर गायें
बापू नेहरु के सपनों को आओ
हम पूरा कर आये
आज ना आये आजादी पर आज
तिरंगे को फहराओ
कुटियों से महलों तक आओ
आज तिरंगे को फहराओ

नाम – निधि तिवारी
कक्षा – तीन

मूर्ख कबूतर

एक बार एक भूखा बाज कबूतरों के झुंड पर झपटा | कबूतरों का झुण्ड हमेशा उसकी पकड़ से बच निकलता था | सारे कबूतर उस बाज से भयभीत रहते थे और उसके आक्रमण से बचने के लिए सतर्क रहते थे | बाज काफी दिनों से उन पर नजरे गडाए थे | उसने एक योजना बनाई और कबूतरों के पास जा कर बोला, "इस तरह से डर-डर कर जीने से क्या लाभ ? इससे अच्छा तो यही है कि तुम लोग मुझे अपना राजा बना दो ताकि मैं हर तरह के संकट से तुम लोगों की रक्षा कर सकूँ" | कबूतरों को यह बात पसंद आई | उन्हें लगा कि बाज उनकी भलाई चाहता है| उन्होंने बाज को अपना राजा बना दिया| राजा बनते ही बाज ने एक-एक करके सारे कबूतरों को खाना शुरू कर दिया |

कुछ उपाय संकटों से भी बुरे होते हैं|

चुटकुले

पापा – बेटा तेरी मम्मी आज इतनी चुप क्यों बैठी है?

बेटा – मेरी गलती से पापा |

पापा- नालायक ऐसा तूने क्या कर दिया ?

